# PART - I / भाग - I

## GENERAL AWARENESS / सामान्य जागरूकता

1. Johann Gutenberg developed the first-known printing press in Germany. Which was the first book he published in that press ?

(1) The Republic
(2) The Bible
(3) The Odyssey
(4) The Magna Carta

1. जोहन गुटेनबर्ग ने सर्वप्रथम ज्ञात प्रिंटिंग प्रेस (मुद्रणालय) जर्मनी में बनाया। उनके द्वारा उस प्रेस से प्रकाशित पहली पुस्तक कौन सी थी ?

(1) द रिपब्लिक
(2) द बाइबल
(3) द ओडिशी
(4) द मैग्ना कार्टा

2. What do we call the process through which bacterial and fungal enzymes degrade detritus into simpler inorganic substances ?

(1) Catabolism
(2) Humification
(3) Fragmentation
(4) Leaching

2. उस प्रक्रम को क्या कहा जाता है जिसके माध्यम से जीवाणु और कवक के एंजाइम अपरद को अधिक सरल अकार्बनिक पदार्थ में अवक्रमित करते हैं ?

(1) अपचय
(2) ह्यूमसीयन
(3) खंडीभवन
(4) निक्षालन

3. Students' and Teachers' Holistic Advancement through Quality Education (SARTHAQ) is an ________.

(1) Indicative and suggestive NEP implementation plan for Higher Education
(2) Indicative and suggestive NEP implementation plan for School Education
(3) Indicative and suggestive NEP implementation plan for Technical Education
(4) Indicative and suggestive NEP implementation plan for Legal Education

3. गुणवत्तापरक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों और अध्यापकों की सर्वांगीण प्रगति (सार्थक) ________ है।

(1) उच्चतर शिक्षा के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यान्वयन योजना का द्योतक और निरूपक
(2) स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यान्वयन योजना का द्योतक और निरूपक
(3) तकनीकी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यान्वयन योजना का द्योतक और निरूपक
(4) विधिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यान्वयन योजना का द्योतक और निरूपक

According to the National Education Policy 2020, by which year the Gross Enrolment Ratio in higher Education including vocational education is to be increased to 50% ?

(1) 2040

(2) 2035

(3) 2050

(4) 2030

4. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, किस वर्ष तक व्यावसायिक शिक्षा सहित उच्चतर शिक्षा में सकल नामांकन का अनुपात 50% तक बढ़ाए जाने का लक्ष्य है ?

(1) 2040

(2) 2035

(3) 2050

(4) 2030

5. Which team won the 2023 Women T20 World Cup ?

(1) Australia

(2) England

(3) South Africa

(4) India

5. वर्ष 2023 में आयोजित महिला वर्ग की टी-20 विश्व कप की विजेता टीम कौन सी है ?

(1) ऑस्ट्रेलिया

(2) इंग्लैंड

(3) दक्षिण अफ्रीका

(4) भारत

6. 'Milpa', 'Roca', 'Ladang' are different names of which of the following ?

(1) Open-cast mining

(2) Earthquake waves

(3) Rain water harvesting

(4) Shifting cultivation

6. 'मिल्पा', 'रोका', 'लदांग', निम्नांकित में से किसके अलग-अलग नाम हैं ?

(1) विवृत खनन

(2) भूकंप की लहरें

(3) वर्षा जल संचयन

(4) स्थानांतरित कृषि

7. Who was awarded the Sahitya Akademi Bhasha Samman 2022 ?

(1) Chungkhan Yashawanta Singh

(2) Shashi Nath

(3) Uday Nath Jha

(4) Krishna Bhattacharya

7. वर्ष 2022 का साहित्य अकादमी भाषा सम्मान किन्हें दिया गया ?

(1) चुंगखान यशवंत सिंह

(2) शशि नाथ

(3) उदय नाथ झा

(4) कृष्णा भट्टाचार्य

8. **Assertion (A) :**

Both India and the USA have bicameral legislature. USA → unicameral

**Reason (R) :**

The upper house of the legislature in both the countries has an equal number of seats reserved for different states.

Choose the **correct** answer from the codes below :

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct

(2) Neither **(A)** nor **(R)** is correct

(3) **(A)** is correct but **(R)** is wrong

(4) **(A)** is wrong but **(R)** is correct

8. **अभिकथन (A) :**

भारत और सं.रा. अमेरिका दोनों में द्विसदनीय विधानमंडल है।

**कारण (R) :**

दोनों देशों के विधानमंडल के उच्च सदन में अलग-अलग राज्यों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या एक समान है।

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(2) न तो **(A)** ना ही **(R)** सही है।

(3) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

9. **Assertion (A) :**

As part of the major reforms to Union Budget, the date of budget was advanced to 1 February for the first time from the Budget for Financial year 2020.

**Reason (R) :**

The advancement of Budget date has been done to enable early completion of the Budget cycle.

Choose the **correct** answer from the codes below :

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** explains **(A)**
(2) Neither **(A)** nor **(R)** is correct
(3) **(A)** is correct but **(R)** is wrong
(4) **(A)** is wrong but **(R)** is correct

10. Which of the following statement(s) is/are **correct** about 'India State of the Forest Report' (ISFR) ?

(A) The first State of the Forest Report was published in 1947.
(B) The report is based on the biennial assessment of India's forests carried out by Forest Survey of India (FSI).
(C) Based on the ISFR 2021 report the total forest cover of the country is 21.71% of the total geographical area of the country.
(D) The ISFR 2021 report shows a decrease of forest cover as compared to the previous assessment.

Choose the **correct** answer using the codes below :

(1) Only (C) and (D) are correct
(2) Only (B) and (C) are correct
(3) Only (A), (B) and (C) are correct
(4) Only (B), (C) and (D) are correct

9. **अभिकथन (A)**

केन्द्रीय बजट में बड़े सुधार किए जाने के क्रम में वर्ष 2020 के बजट प्रस्तुतीकरण के समय से पहली बार बजट प्रस्तुत किए जाने की तारीख 1 फरवरी निर्धारित की गई।

**कारण (R) :**

बजट प्रस्तुति की तारीख बजट चक्र को शीघ्र पूरा करने के लिए परंपरागत तारीख से पूर्व निर्धारित की गई है।

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)** से **(A)** की व्याख्या होती है।
(2) न तो **(A)** ना ही **(R)** सही है।
(3) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।
(4) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

10. 'इंडिया स्टेट ऑफ द फॉरेस्ट रिपोर्ट' (आई.एस.एफ.आर.) के बारे में निम्नांकित में से कौन सा/से कथन **सही** है/हैं?

(A) पहली स्टेट ऑफ द फॉरेस्ट रिपोर्ट वर्ष 1947 में प्रकाशित हुई थी।
(B) यह रिपोर्ट भारतीय वन सर्वेक्षण (एफ.एस.आई.) द्वारा किए गए भारतीय वनों की द्वैवार्षिक मूल्यांकन पर आधारित है।
(C) आई.एस.एफ.आर. के वर्ष 2021 की रिपोर्ट के आधार पर देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.71% वनाच्छादित है।
(D) आई.एस.एफ.आर. 2021 के प्रतिवेदन में पिछले मूल्यांकन की तुलना में वनाच्छादित क्षेत्र में ह्रास दर्शाया गया है।

नीचे दिए गए कूट में से **सही** विकल्प चुनिए :

(1) केवल (C) और (D) सही हैं।
(2) केवल (B) और (C) सही हैं।
(3) केवल (A), (B) और (C) सही हैं।
(4) केवल (B), (C) और (D) सही हैं।

# PART - II / भाग - II
## REASONING ABILITY / तर्क क्षमता

**11.** Three statements are given followed by two conclusions I and II. Assuming the statements to be true decide which of the conclusions is/are definitely true.

**Statements :**

1. $M > Q$
2. $P \geq M$
3. $N \leq M$

**Conclusions :**

I. $Q = N$

II. $Q < P$

(1) Both conclusions I and II are true.

(2) Neither conclusion I nor II is true.

(3) Only conclusion I is true.

(4) Only conclusion II is true.

**12.** Eight friends J, K, L, M, P, Q, R and S are sitting around a square table in such a way that all are facing towards the centre of the table. 'L' sits in the middle of the side. 'P' is second to the left of 'M'. 'Q' is exact right of 'K' and is sitting in the middle of the side. 'P' doesn't sit with 'L'. 'M' sits exact right of 'J'. Two friends are sitting in between 'M' and 'S'. 'R' is second to the left of 'J'. 'S' is exact left of 'L'. 'K' is third to the left of 'L'.


Who sits fourth to the right of 'K' ?

(1) R

(2) S

(3) J

(4) P




**11.** तीन कथन दिए गए हैं जिनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए यह निर्णय कीजिए कि दोनों निष्कर्षों में से कौन सा/से निश्चित रूप से सत्य है/हैं?

**कथन :**

1. $M > Q$
2. $P \geq M$
3. $N \leq M$

**निष्कर्ष :**

I. $Q = N$

II. $Q < P$

(1) निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हैं।

(2) न तो निष्कर्ष I सत्य है और न ही निष्कर्ष II।

(3) केवल निष्कर्ष I सत्य है।

(4) केवल निष्कर्ष II सत्य है।

**12.** आठ मित्र J, K, L, M, P, Q, R और S एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार से बैठे हैं कि सभी का मुँह मेज के केन्द्र की ओर है। 'L' भुजा के बीच में बैठा हुआ है। 'P', 'M' के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। 'Q', 'K' के एकदम दायीं ओर है और भुजा के बीच में बैठा हुआ है। 'P', 'L' के साथ नहीं बैठा है। 'M', 'J' के एकदम दायीं ओर बैठा है। 'M' और 'S' के बीच दो मित्र बैठे हैं। 'R', 'J' के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। 'S', 'L' के एकदम बायीं ओर बैठा है। 'K', 'L' के बायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।

'K' के दायीं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

(1) R

(2) S

(3) J

(4) P

13. Given below is a question, followed by two statements I and II, each containing some information. Decide which of the statements is/are sufficient to answer the question. How is Kushal related to Meenakshi ?

**Statements :**

I. Kushal is only son of Meenakshi's brother-in-law.

II. Garvita is Kushal's only sister.

(1) Both statements I and II together are necessary to answer the question.

(2) Both the statements I and II together are not sufficient to answer the question.

(3) The statement I alone is sufficient to answer the question while the statement II alone is not sufficient.

(4) The statement II alone is sufficient to answer the question while the statement I alone is not sufficient.

14. Refer to the following letter sequence and answer the question :

(Left) S B T M R E S I C Z Y O W A P D F H G U L (Right)

Which letter is fifth to the right of the twelfth letter from your right end of the given sequence ?

(1) P

(2) W

(3) R

(4) X

13. नीचे एक प्रश्न दिया गया है जिसके बाद दो कथन I और II दिए गए हैं। जिनमें प्रत्येक में कुछ जानकारी दी गई है। यह निर्णय कीजिए कि कौन सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं।
कुशल का मीनाक्षी से क्या संबंध है ?

**कथन :**

I. कुशल, मीनाक्षी के जेठ/देवर का एकमात्र पुत्र है।

II. गर्विता, कुशल की एकमात्र बहन है।

(1) कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।

(2) कथन I और कथन II दोनों मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

(3) कथन I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

(4) कथन II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

14. निम्नलिखित अक्षरक्रम का अवलोकन करें और प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(बाएँ) S B T M R E S I C Z Y O W A P D F H G U L (दाएँ)

दिए गए क्रम में आपकी दाएँ ओर से बारहवें अक्षर के दायीं ओर पाँचवां अक्षर कौन सा है ?

(1) P

(2) W

(3) R

(4) X

15. Given below is a question, followed by two statements I and II, each containing some information. Decide which of the statements is/are sufficient to answer the question.

Who is to the immediate right of 'J' among five friends J, K, L, M and N, facing the North ?

I. 'L' is third to the left of 'K' and 'J' is second to the right of 'L'.

II. 'K' is to the immediate left of 'N' who is second to the right of 'J'.

(1) Both statements I and II together are necessary to answer the question.

(2) Either statement I alone or statement II alone is sufficient to answer the question.

(3) The statement I alone is sufficient to answer the question while the statement II alone is not sufficient.

(4) The statement II alone is sufficient to answer the question while the statement I alone is not sufficient.

15. नीचे एक प्रश्न दिया गया है जिसके बाद दो कथन I और II दिए गए हैं। जिनमें प्रत्येक में कुछ जानकारी दी गई है। यह निर्णय कीजिए कि कौन सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं ?

पाँच मित्रों J, K, L, M और N, जो उत्तर की ओर मुँह करके बैठे है, में से 'J' के एकदम दायीं ओर कौन बैठा है ?

I. 'L', 'K' के बायीं ओर तीसरे स्थान पर है और 'J', 'L' के दायीं ओर दूसरे स्थान पर है।

II. 'K', 'N' के एकदम बायीं ओर है जो 'J' के दायीं ओर दूसरे स्थान पर है।

(1) कथन-I और कथन-II दोनों, मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।

(2) या तो कथन-I अकेले अथवा कथन-II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

(3) कथन-I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन-II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

(4) कथन II, अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन-I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

16. '$M+Q$' means 'M' is the wife of 'Q';

'$M-Q$' means 'M' is the father of 'Q';

'$M\times Q$' means 'M' is the daughter of 'Q';

'$M\div Q$' means 'M' is the son of 'Q'.

If $A\div B\times J+U-D$, how is 'B' related to 'D' ?

(1) Sister

(2) Aunt

(3) Mother

(4) Brother

16. '$M+Q$' का अर्थ है कि 'M', 'Q' की पत्नी है;

'$M-Q$' का अर्थ है कि 'M', 'Q' का पिता है;

'$M\times Q$' का अर्थ है कि 'M', 'Q' की पुत्री है;

'$M\div Q$' का अर्थ है कि 'M', 'Q' का पुत्र है।

यदि $A\div B\times J+U-D$ है तो 'B' का 'D' से क्या संबंध है ?

(1) बहन

(2) चाची

(3) माता

(4) भाई

17. Two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)** are given. Consider both the statements carefully.

**Assertion (A) :** Fake news spread in world has become a serious problem.

**Reason (R) :** The internet is source of all fake news.

Select **correct** answer with the help of code.

(1) **(A)** is false but **(R)** is true.

(2) **(A)** is true but **(R)** is false.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

18. Three statements are given, followed by three conclusions numbered I, II and III. Assuming the statements to be true, even if they seem to be at variance with commonly known facts, decide which of the conclusions logically follow(s) from the statements.

**Statements :**

1. All pinks are scarlets.
2. Some scarlets are blues.
3. No blue is brown.

**Conclusions :**

I. Some browns are blues.

II. No pink is brown.

III. Some scarlets are pinks.

(1) Only conclusion I follows.

(2) Only conclusion III follows.

(3) Only conclusions I and II follow.

(4) Only conclusions II and III follow.

17. नीचे दो कथन दिए गए हैं और उन्हें **अधिकथन (A)** और **तर्क (R)** के रूप में दर्शाया गया है। दोनों कथनों पर ध्यान से विचार कीजिए।

**अधिकथन (A) :** विश्व में झूठी खबर फैलना एक गंभीर समस्या बन गई है।

**तर्क (R) :** इंटरनेट सभी झूठी खबरों का स्रोत है।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से **सही** उत्तर का चयन करें।

(1) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

(2) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं किंतु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

18. नीचे तीन कथन दिए गए हैं जिनके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सही मानना है चाहे वे सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्न क्यों न हों। आप निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से कथनों से तार्किक रूप से निकलता है/हैं?

**कथन :**

1. सभी गुलाबी, लाल रंग (लोहित) हैं।
2. कुछ लाल रंग, नीले हैं।
3. कोई भी नीला भूरा नहीं है।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ भूरे नीले हैं।

II. कोई भी गुलाबी भूरा नहीं है।

III. कुछ लाल रंग (लोहित) गुलाबी हैं।

(1) केवल निष्कर्ष I निकलता है।


(2) केवल निष्कर्ष III निकलता है।

(3) केवल निष्कर्ष I और II निकलते हैं।


(4) केवल निष्कर्ष II और III निकलते हैं।

19. Which of the following Venn diagram represents the best relationship between

Teachers, Sisters, Females ?

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 

19. निम्नलिखित में से कौन सा वेन आरेख निम्नलिखित के बीच सर्वोत्तम संबंध को निरूपित करता है ?

अध्यापक, बहनें, महिलायें


(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

20. Study the given diagram carefully and answer the question. The numbers in different sections indicate the number of persons.




How many 'Under 35 years' people are 'Salaried' but not 'Married' ?


(1) 12

(2) 13

(3) 5

(4) 8

20. नीचे दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें। विभिन्न खंडों में दी गई संख्या व्यक्तियों की संख्या को इंगित करती हैं।




'35 वर्ष से कम' ऐसे कितने व्यक्ति हैं जो 'वेतनभोगी' तो हैं किंतु 'विवाहित' नहीं है ?

(1) 12

(2) 13

(3) 5

(4) 8

21. A statement is given followed by four conclusions numbered I, II, III and IV. Assuming the statement to be true, decide which of the conclusions is/are definitely true.

**Statement :** C = R > D < E = K > P

**Conclusions :**

I. C > D

II. K ≤ D

III. P < E

IV. E ≥ R

(1) Only conclusions II and IV are true.

(2) Only conclusion IV is true.

(3) Only conclusions I and II are true.

(4) Only conclusions I and III are true.

21. एक कथन दिया गया है जिसके बाद चार निष्कर्ष I, II, III और IV दिए गए हैं। कथन को सत्य मानते हुए यह निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष निश्चित रूप से सत्य है/हैं।

**कथन :** C = R > D < E = K > P

**निष्कर्ष :**

I. C > D

II. K ≤ D

III. P < E

IV. E ≥ R

(1) केवल निष्कर्ष II और IV सत्य हैं।

(2) केवल निष्कर्ष IV सत्य है।

(3) केवल निष्कर्ष I और II सत्य हैं।

(4) केवल निष्कर्ष I और III सत्य हैं।

22. There is a family of six members D, K, L, M, N and P. They are Lecturer, Artist, Businessman, Executive, NGO worker and Singer but not necessarily in the same order. There are two married couples. 'N', a Lecturer, is married to the Artist who is the mother of 'L' and 'P'. 'P' is pursuing singing. 'D' has one son and one grandson who is an Executive. 'K', the Businessman, is married to 'D'. Of the two married ladies, one is a NGO worker.

Which of the following statements is **true** ?

(1) 'M' is the Artist.

(2) 'L' is son of 'D' and 'K'.

(3) 'K' is the wife of 'D'.

(4) 'M' is the Executive.

22. छह सदस्यों D, K, L, M, N और P वाला एक परिवार है। वे व्याख्याता, कलाकार, कारोबारी, प्रशासक, एनजीओ कार्यकर्ता और गायक हैं किंतु वे इसी क्रम में हो ऐसा आवश्यक नहीं है। दो विवाहित जोड़े हैं। व्याख्याता 'N' की शादी एक कलाकार से हुई है जो 'L' और 'P' को माता है। 'P' गायन की पढ़ाई कर रहा है। 'D' का एक पुत्र और एक पोता है जो एक प्रशासक है। 'K' एक कारोबारी है जिसका विवाह 'D' से हुआ है। दो विवाहित महिलाओं में से एक एनजीओ कार्यकर्ता है।

निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है ?

(1) 'M' एक कलाकार है।

(2) 'L', 'D' तथा 'K' का पुत्र है।

(3) 'K', 'D' की पत्नी है।

(4) 'M' एक प्रशासक है।


**23.** Lakshmi starts from point 'A' and travels 2 km Southwards to a point 'Z' and then turns right and travels twice that distance to reach 'Y'. She then turns left and travels five times the distance she covered between point 'A' and 'Z' and reaches point 'X'. From there she turns left and travels 4 km to reach destination 'B'. What is the shortest distance between the points 'A' and 'B' and what is B's direction with respect to 'A' ?

(1) 8 km, North

(2) 8 km, South

(3) 12 km, North

(4) 12 km, South




**23.** लक्ष्मी 'A' बिन्दु से चलना शुरू करती है और दक्षिण की ओर 2 कि.मी. चलकर 'Z' बिन्दु पर पहुँचती है और फिर दायीं ओर घूमती है तथा पहली बार चली गयी दूरी की दोगुनी दूरी तय करके 'Y' बिन्दु पर पहुँचती है। इसके बाद वह बायीं ओर घूमती है तथा 'A' और 'Z' बिन्दु के बीच तय की गई दूरी की पाँच गुना दूरी तय करके 'X' बिन्दु पर पहुँचती है। वहाँ से वह बायीं ओर घूमती है और 4 कि.मी. चलकर 'B' गन्तव्य तक पहुँचती है। 'A' और 'B' बिन्दुओं के बीच न्यूनतम दूरी कितनी है तथा 'A' से 'B' किस दिशा में है ?

(1) 8 कि.मी., उत्तर

(2) 8 कि.मी., दक्षिण

(3) 12 कि.मी., उत्तर

(4) 12 कि.मी., दक्षिण

**24.** Seven children K, L, P, R, T, X and Y are sitting on a straight bench facing towards North. 'X' is sitting immediately left of 'Y'. 'T' is the immediate neighbour of 'R' and 'P'. Neither 'X' nor 'Y' are the immediate neighbours of 'L'. 'P' is sitting second to the left of 'L'.


Who is sitting at the second position from the right end ?

(1) K

(2) P

(3) R

(4) T




**24.** सात बालक K, L, P, R, T, X और Y एक सीधी बेंच पर उत्तर की ओर मुँह करके बैठे हैं। 'X', 'Y' के एकदम बायीं ओर बैठा है। 'T', 'R' और 'P' का निकटतम पड़ोसी है। 'X' और 'Y' 'L' के एक निकटतम पड़ोसी नहीं हैं। 'P', 'L' के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

दायीं ओर से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है ?

(1) K

(2) P

(3) R

(4) T

25. Three statements are given, followed by four conclusions numbered I, II, III and IV. Assuming the statements to be true, even if they seem to be at variance with commonly known facts, decide which of the conclusions logically follow(s) from the statements ?

**Statements :**

1. All boats are fishes.
2. Some fishes are rivers.
3. Some rivers are sailors.

**Conclusions :**

I. Some sailors are fishes.

II. Some boats are sailors.

III. Some rivers are boats.

IV. Some fishes are boats.

(1) Only conclusion IV follows.

(2) Only conclusions I, II and IV follow.

(3) Only conclusions I and II follow.

(4) Only conclusions II and III follow.

25. नीचे तीन कथन दिए गए हैं जिनके बाद चार निष्कर्ष I, II, III और IV दिए गए हैं। आपको कथनों को सही मानना है चाहे वे सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्न क्यों न हों। और अब निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से कथनों से तार्किक रूप से निकलता है/हैं ?

**कथन :**

1. सभी नावें मछलियाँ हैं।
2. कुछ मछलियाँ नदियाँ हैं।
3. कुछ नदियाँ नाविक हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ नाविक मछलियाँ हैं।

II. कुछ नावें नाविक हैं।

III. कुछ नदियाँ नावें हैं।

IV. कुछ मछलियाँ नावें हैं।

(1) केवल निष्कर्ष IV निकलता है।

(2) केवल निष्कर्ष I, II और IV निकलते हैं।

(3) केवल निष्कर्ष I और II निकलते हैं।

(4) केवल निष्कर्ष II और III निकलते हैं।

26. If North becomes South-West, then what will West become ?

(1) North-West

(2) South-East

(3) East

(4) North-East

26. यदि 'उत्तर', 'दक्षिण-पश्चिम' हो जाता है तो 'पश्चिम' क्या हो जाएगा ?

(1) उत्तर-पश्चिम

(2) दक्षिण-पूर्व

(3) पूर्व

(4) उत्तर-पूर्व

27. Two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)** are given. Consider both the statements carefully.

**Assertion (A)** : India has the potential to make its Handicrafts industry a very flourishing sector.

**Reason (R)** : India is a home to a very large number of craft forms including textiles.

Select **correct** answer with the help of code.

(1) **(A)** is false but **(R)** is true.

(2) **(A)** is true but **(R)** is false.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

28. A patient has been given a medicine schedule. There are eight medicine capsules. S, T, U, V, W, X, Y and Z. Which have to be taken each day based on the following conditions :

(i) Capsule 'S' must be taken sometimes before 'T' and 'W',

(ii) 'T' must be taken immediately before 'V',

(iii) Fourth capsule must be 'U',

(iv) 'Y' must be taken immediately before 'X',

(v) 'Z' must be taken immediately after 'W',

(vi) 'Y' is the first capsule to be taken.

Which of the following statements is <u>false</u> ?

(1) The sixth capsule must be 'V'

(2) 'T' is taken immediately after 'S'.

(3) 'X' is taken before 'S'.

(4) 'U' must be taken between 'S' and 'T'.

27. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिन्हें **अभिकथन (A)** औ **तर्क (R)** के रूप में दर्शाया गया है। दोनों कथनों पर ध्या से विचार कीजिए।

**अभिकथन (A)** : भारत के पास अपने हस्तशि उद्योग को एक उन्नतिशील क्षेत्र बना की क्षमता है।

**तर्क (R)** : भारत में वस्त्र निर्माण सहित बहु बड़ी संख्या में शिल्प उद्योग हैं।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से **सही** उत्तर का चय करें।

(1) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

(2) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** क सही व्याख्या है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं किंतु **(R)**, **(A)** क सही व्याख्या **नहीं** है।

28. एक मरीज को एक दवा तालिका दी गई। इसमें आठ दव कैपस्यूल – S, T, U, V, W, X, Y और Z हैं। जो निम्नलिखित शर्तों के आधार पर प्रत्येक दिन लिए जा हैं :

(i) कैपस्यूल 'S' को 'T' और 'W' से पहले कभी भ लिया जाए;

(ii) 'T' को 'V' से तत्काल पहले लिया जाए;

(iii) चौथा कैपस्यूल 'U' होना चाहिए;

(iv) 'Y' को 'X' के तत्काल पहले लिया जाए;

(v) 'Z' को 'W' के तत्काल बाद लिया जाए;

(vi) 'Y' कैपस्यूल सबसे पहले लिया जाए।

निम्नलिखित में से कौन सा कथन **गलत** है ?

(1) छठा कैपस्यूल 'V' होना चाहिए

(2) 'T' को 'S' के तत्काल बाद लिया जाता है

(3) 'X' को 'S' से पहले लिया जाता है

(4) 'U' को 'S' और 'T' के बीच लिया जाना चाहिए

29. Sudha is the wife of Anand. Kavita is the mother of Gaurav. Anu is the daughter of Ravi, who is the brother of Aryan. Anu's mother Kavita is the daughter-in-law of Anand. How is Sudha related to Aryan ?

(1) Paternal grandmother

(2) Maternal grandmother

(3) Sister

(4) Mother

29. सुधा, आनंद की पत्नी है। कविता, गौरव की माता है। अनु, रवि की पुत्री है जो आर्यन का भाई है। अनु की माता कविता, आनंद की पुत्रवधू है। सुधा का आर्यन से क्या संबंध है ?

(1) दादी

(2) नानी

(3) बहन

(4) माता

30. Select the letter cluster that will replace the question mark (?) in the following series

BVU, ZXQ, XZM, VBI, TDE, ?

(1) FAR

(2) FRA

(3) RAF

(4) RFA

30. निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आने वाले अक्षर समूह का चयन करें।

BVU, ZXQ, XZM, VBI, TDE, ?

(1) FAR

(2) FRA

(3) RAF

(4) RFA

## PART - III / भाग - III

## KNOWLEDGE OF ICT / ICT का ज्ञान

31. McAfee Plus is an example of :

(1) Open source software

(2) Programming Language

(3) Anti-virus

(4) Application software

31. मेकैफी प्लस (McAfee Plus) किसका एक उदाहरण है ?

(1) ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (Open source software)

(2) प्रोग्रामिंग लैंग्वेज़ (Programming Language)

(3) एंटी वायरस (Anti-virus)

(4) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (Application software)

32. Which of the following software you preferred most to design an animated multimedia presentation on the topic 'Benefits of Renewable Energies' ?

(1) Microsoft Excel

(2) Microsoft PowerPoint

(3) Microsoft Edge

(4) Microsoft Word

32. 'बेनिफिट्स ऑफ रिन्यूएबल एनर्जीज' विषय पर एक एनीमेटिड मल्टीमीडिया प्रेजेंटेशन डिजाइन करने के लिए आप निम्नलिखित में से कौन से सॉफ्टवेयर को सर्वाधिक प्राथमिकता देंगे ?

(1) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल (Microsoft Excel)

(2) माइक्रोसॉफ्ट पावरप्वाइंट (Microsoft PowerPoint)

(3) माइक्रोसॉफ्ट एज़ (Microsoft Edge)

(4) माइक्रोसॉफ्ट वर्ड (Microsoft Word)

33. Which of the following cloud storage service owned by Microsoft ?

(1) Floppy Drive

(2) Google Drive

(3) iCloud

(4) One Drive

33. माइक्रोसॉफ्ट के स्वामित्व वाली क्लाउड स्टोरेज सर्विस निम्नलिखित में से कौन सी है ?

(1) Floppy Drive

(2) Google Drive

(3) iCloud

(4) One Drive

34. Out of the following options, the most popular combination of shortcut keys to Copy Some selected text in most of the MS windows applications is :

(1) Ctrl + P

(2) Ctrl + X

(3) Ctrl + C

(4) Ctrl + O

34. अधिकांश एम एस विंडोज (MS windows) एप्लीकेशन में कुछ सेलेक्टेड टेक्स्ट को 'कापी' करने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक लोकप्रिय 'शार्ट-कट की' संयोजन कौन सा है ?

(1) Ctrl + P

(2) Ctrl + X

(3) Ctrl + C

(4) Ctrl + O

35. The power backup device, UPS, stands for :

(1) Uninterruptible Power Supply

(2) Uninterruptible Power System

(3) Under-control Power System

(4) Under-controlled Power Supply

35. पावर बैकअप उपकरण यूपीएस (UPS) का अर्थ है :

(1) Uninterruptible Power Supply

(2) Uninterruptible Power System

(3) Under-control Power System

(4) Under-controlled Power Supply

36. Which of the following is not a source of the virus entering your system ?

(1) Pen drive

(2) Printouts

(3) Email attachment

(4) Hard Disk

36. निम्नलिखित में से कौन सा हमारे सिस्टम में वायरस के आने का एक स्रोत नहीं है ?

(1) पेन ड्राइव (Pen drive)

(2) प्रिंटआउट्स (Printouts)

(3) ई-मेल अटेचमेंट (Email attachment)

(4) हार्ड डिस्क (Hard Disk)

37. Which of the following does not come under cyber-crime under IT Act 2000 ?

(1) Misusing personal information over internet

(2) Using fake email messages to get personal information

(3) Stealing monitor from a store

(4) Distributing child pornography over internet

37. निम्नलिखित में से कौन सा आई टी एक्ट-2000 के अंतर्गत एक साइबर अपराध नहीं है ?

(1) इंटरनेट पर व्यैक्तिक जानकारी का दुरूपयोग करना

(2) व्यैक्तिक जानकारी प्राप्त करने के लिए नकली ई-मेल (fake email) मैसेज का प्रयोग करना

(3) किसी स्टोर से मॉनीटर चुराना

(4) इंटरनेट पर बाल अश्लील साहित्य (pornography) वितरित करना

38. Which of the following groups of devices are only input devices ?

(1) Keyboard, Printer, Light Pen

(2) Joystick, Microphone, Scanner

(3) Mouse, Monitor, Joystick

(4) Mouse, Microphone, Speaker

38. निम्नलिखित में से उपकरणों का कौन सा समूह केवल इनपुट डिवाइस ( उपकरण ) है ?

(1) की बोर्ड, प्रिन्टर, लाइट पेन (Keyboard, Printer, Light Pen)

(2) जॉयस्टिक, माइक्रोफोन, स्कैनर (Joystick, Microphone, Scanner)

(3) माउस, मॉनीटर, जॉयस्टिक (Mouse, Monitor, Joystick)

(4) माउस, माइक्रोफोन, स्पीकर (Mouse, Microphone, Speaker)

39. Which type of network we create when we connect two smartphones to transfer some photos through Bluetooth ?

(1) PAN

(2) LAN

(3) MAN

(4) WAN

39. जब हम ब्लूटूथ ( Bluetooth ) के माध्यम से कुछ फोटो भेजने के लिए दो स्मार्टफोन को आपस में कनेक्ट करते हैं तो किस प्रकार के नेटवर्क को बनाते हैं ?

(1) पी ए एन (PAN)

(2) एल ए एन (LAN)

(3) एम ए एन (MAN)

(4) डब्ल्यू ए एन (WAN)

40. Which of the following is an example of an Operating System ?

(1) Word

(2) Windows

(3) Bing

(4) Edge

40. निम्नलिखित में से कौन सा ऑपरेटिंग सिस्टम (Operating System) का एक उदाहरण है ?

(1) वर्ड (Word)

(2) विंडोज (Windows)

(3) बिंग (Bing)

(4) एज (Edge)

# PART - IV / भाग - IV
## TEACHING APTITUDE / शिक्षण अभिवृत्ति

41. Effective teaching, by and large, is a function of :

(1) teacher's positive attitude towards teaching.

(2) teacher's ability to make students learn.

(3) teacher's honesty.

(4) teacher's scholarship.

41. मुख्यत: प्रभावी शिक्षण किसका प्रकार्य है ?

(1) शिक्षक की शिक्षण के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति

(2) विद्यार्थियों में अधिगम करा पाने की योग्यता

(3) शिक्षक की निष्ठा

(4) शिक्षक का पांडित्य

42. Which of the following is not an example of 'Assessment of Learning' ?

(1) Scholarship Examination

(2) Anecdotal Records

(3) Annual Examination

(4) Assessment of Homework

42. निम्नांकित में से कौनसा 'अधिगम के आकलन' का उदाहरण नहीं है ?

(1) छात्रवृत्ति परीक्षण

(2) संचयी अभिलेख

(3) वार्षिक परीक्षा

(4) गृहकार्य का आकलन

43. If students are not taking interest in their studies, the teacher should :

(1) file a complaint with the principal and parents and seek their indulgence.

(2) find out causes for lack of interest and take corrective measures.

(3) ask them as to why are they not taking interest in their studies.

(4) tell them that taking interest in their studies would lead to good result.

43. यदि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में रुचि नहीं ले रहे हैं तो शिक्षक को :

(1) प्राचार्य और उनके माता-पिता से शिकायत करें और उनकी मध्यस्थता की मांग करें।

(2) उनकी पढ़ाई में रुचि न लेने के कारणों का पता लगाकर सुधारात्मक कार्रवाई करें।

(3) उनसे पूछना चाहिए कि वे पढ़ाई में रुचि क्यों नहीं ले रहे हैं।

(4) उन्हें समझाना चाहिए कि पढ़ाई में ध्यान देने से अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

44. Which one of the following is not associated with a unit test ?

(1) Totally controlled by the teacher

(2) Used for Remedial purpose

(3) Standardized Achievement Tests

(4) Confined to limited number of competencies

44. निम्नांकित में से कौन सा एक इकाई परीक्षण से संबंधित नहीं है ?

(1) शिक्षक द्वारा पूर्णत: नियंत्रित

(2) उपचारात्मक कार्य हेतु प्रयुक्त

(3) मानकीकृत संप्राप्ति परीक्षण

(4) दक्षताओं की सीमित संख्या तक परिरोधन

**45.** Which one of the following is not a characteristic of teacher centred approach ?

(1) Enough scope for discussion and debate is available

(2) Courses prescribed can be completed in time

(3) Large sized classes are handled very well

(4) Unfamiliar or abstract concepts are directly explained by the teacher

**46.** Mohan can now think in terms of propositions and deal with propositions instead of objects. He deals with sum total of possibilities rather than empirical situation. He takes final steps towards versatility in thought.

Mohan is at which stage of Piaget's model ?

(1) Concrete operations stage

(2) Formal operations stage

(3) Pre-operational stage

(4) Sensory-motor stage

**47.** The ASSURE model of integration of ICT in the learning process has the components :

(1) Analyse the content, state the aim, select method and materials and evaluate

(2) Analyse the learners, state the aim, select the method and materials and extend

(3) Analyse learners, state the objectives, select the media and materials and evaluate

(4) Activity, state the objectives, support and extend

**45.** शिक्षक केन्द्रित उपागम की निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता नहीं है ?

(1) चर्चा और वाद विवाद का पर्याप्त अवसर होता है

(2) विहित पाठ्यवस्तुओं को समय पर पूरा किया जा सकता है।

(3) बड़े आकार की कक्षाएँ अच्छी प्रकार संचालित की जाती हैं।

(4) अपरिचित और अमूर्त प्रत्यय शिक्षक द्वारा सीधे सीधे व्याख्यायित किए जाते हैं।

**46.** मोहन अब योजनाओं के बारे में सोच सकता है और वस्तुओं की अपेक्षा योजनाओं से व्यवहार कर सकता है। वह प्रयोगों पर आधारित के बजाय संभावनाओं के समुच्चय से व्यवहार करता है। वह विचार में उत्कृष्टता की ओर कदम उठाता है।

मोहन, पियाजे के प्रतिमान के आधार पर किस स्तर पर है ?

(1) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था

(2) अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था

(3) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था

(4) इन्द्रिय-जनित गामक अवस्था

**47.** अधिगम प्रक्रिया में सूचना और संप्रेषण प्रौद्योगिकी के समन्वय के ASSURE प्रतिमान के अवयव हैं :

(1) विषयवस्तु का विश्लेषण, लक्ष्य निर्धारण, विधि और सामग्री का चयन और मूल्यांकन।

(2) अधिगमकर्त्ताओं का विश्लेषण, लक्ष्य निर्धारण, विधि और सामग्री का चयन और विस्तार।

(3) अधिगमकर्त्ताओं का विश्लेषण, उद्देश्यों का निरूपण, माध्यम और सामग्री का चयन और मूल्यांकन।

(4) क्रिया, उद्देश्यों का निरूपण, प्रोत्साहन और विस्तार।

48. Which characteristic does not belong to Adolescence stage ?

(1) A period of intense emotions

(2) Highly critical of social evils and injustice

(3) Pronounced group loyalty

(4) Forming groups among members of same sex

48. किशोरों में कौन सी विशेषता नहीं पाई जाती है ?

(1) तीव्र संवेगों का समय

(2) सामाजिक बुराइयों व अन्याय के प्रति विशेष रूप से दोष दर्शन

(3) उत्कृष्ट समूह प्रतिबद्धता

(4) समान लिंग के व्यक्तियों के साथ समूहन

49. What should not be a role of a teacher in the construction of knowledge by students ?

(1) Focussing on realistic approaches to solve real world problems

(2) Discouraging self analysis and self assessment

(3) Being sensitive to the previous experience of each and every student in the class

(4) Supporting cooperative and collaborative learning in the classroom

49. विद्यार्थियों द्वारा ज्ञान की संरचना कराने में शिक्षक की कौन सी भूमिका नहीं होनी चाहिए ?

(1) वास्तविक विश्व की समस्याओं के समाधान हेतु वास्तविक उपागमों पर केन्द्रीकरण

(2) स्वविश्लेषण व स्वआकलन को हतोत्साहित करना

(3) कक्षा के प्रत्येक विद्यार्थी के पूर्वानुभव के प्रति संवेदनशीलता

(4) कक्षा कक्ष में सहयोगी एवं सहभागितापूर्ण अधिगम को संबल प्रदान करना

50. What is not an advantage of Discovery method ?

(1) It provides training to prepare students for life

(2) It develops self confidence and self reliance

(3) This method is suitable for the students of lower classes

(4) It develops scientific and critical attitude among students

50. खोज विधि से कौन सा लाभ नहीं होता है ?

(1) यह विद्यार्थियों को जीवन के लिए तैयार होने की प्रशिक्षण प्रदान करती है।

(2) इसके द्वारा आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का विकास होता है।

(3) यह विधि छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है।

(4) इसके द्वारा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक और समालोचनात्मक अभिवृत्ति का विकास होता है।